तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



11 पपीते की खेती ने बदली किसान की किस्मत विजय को 10 लाखों ..



12 कर्म-धर्म के भ्रमजाल में पड़ना जीव को अंधकार ...



## खबर संक्षेप

### कचरा फेंकने से मना करने पर दंपत्ति ने युवक को पीटा, अपराध दर्ज

**बालोद।** पड़ोसी को घर के सामने कचरा फेकने से मना करने पर दंपत्ति ने युवक की पिटाई कर दी।



जिसके बाद युवक ने दंपत्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भांठागांव बी निवासी डिगेन्द्र सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 17 नवंबर को रात्रि 09 बजे पडोस के जितेन्द्र ऊर्फ भादू निषाद व उसकी पत्नि दोनो मेरे घर के सामने कचरा फेंक दिये थे, जिन्हे मेरे घर के सामने कचरा फेंकने से मना किया तो दोनो गाली गलौच कर उसकी पत्नी हाथ मुक्का एवं जितेन्द्र ऊर्फ भादू कोई धारदार वस्तु से गले में वार कर चोंट पहुंचाया है एवं मारपीट से कमर में अंदरूनी दर्द हो रहा है।

### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार घायल

**बालोद।** साइकिल के माध्यम से ब्यारा जा रहे व्यक्ति को मोटर सायकल ने ठोकर मार दी। जिससे साईकिल चालक व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम अरकार थाना सनौद निवासी जितेन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया 17 नवंबर को लगभग 05 बजे घर से ब्यारा के लिए अपने साइकिल से जा रहा था, ग्रामीण बैंक अरकार के सामने से भट्ठी तरफ से आ रहे वाहन मोटर साइकिल क्रमांक सी0जी0 24 पी 5169 के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पुर्वक चलाकर मुझे एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मुझे दोनों जांघ में सुजन एवं मेरा सायकल पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, मेरे द्वारा वाहन चालक को रोककर ईलाज एवं सायकल का खर्च मांगने पर नहीं दूंगा बोलकर चला गया।

### प्राकृतिक आपदा में मृतक के परिजन को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 06 क्रमांक 04 के तहत जिले में प्रा—तिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 01 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में मृतक सगनुराम की पत्नी कलीन बाई ग्राम चिलमगोटा तहसील डौण्डीलोहारा को 04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी, किसानों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में कृषि विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने किसानों को संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले वनांचल क्षेत्र के किसानों तक योजनाओं की जानकारी सीमित रूप से पहुंच पाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन–धन खाते खोलवाकर और योजनाओं के सरलीकरण से ग्रामीणों को सीधे लाभान्वित करने का कार्य किया है। इससे किसानों को नियमित रूप से पीएम किसान सम्मान निधि की राशि भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने किसानों को धान के साथ-साथ अन्य फसलों जैसे लाख, लाखड़ी, मसूर,सरसों, गेहूं, चना तथा अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लगातार रासायनिक खाद के उपयोग से भूमि कठोर हो जाती है और उपज कम होने लगती है, इसलिए जैविक खाद का उपयोग कर मिट्टी को उपजाऊ बनाने और विविध फसलों की खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है।

**डौंडीलोहारा जनपद पंचायत में आयोजित हुआ रजत महोत्सव कार्यक्रम**



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनबरसा, जनपद सदस्य टुमन साहू, कृषि विभाग से कुंजी कोठारी, गायकवाड़, निषाद सहित बड़ी संख्या में किसान भाई बहन उपस्थित रहे। किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त के हस्तांतरण को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शासन की योजनाओं से निरंतर लाभ मिलने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उपलब्धि : संभागीय कमिश्नर ने की प्रशंसा

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गुरुर एसडीएम न्यायालय प्रदेश में प्रथम राजस्व मामलों का तेजी से निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

राजस्व संबंधित प्रकरणो के निराकरण के मामले में अनुविभागीय अधिकारी गुरूर न्यायालय ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धी गुरूर एसडीएम कार्यालय में माह अक्टूबर में प्राप्त किया है। एक माह में ही कार्यालय द्वारा 129 प्रकरणो का निराकरण किया गया।

मई 2025 में गुरूर अनुविभाग मे पदस्थ होने के बाद अनुविभागीय अधिकारी आर.के सोनकर ने अक्टूबर माह तक कुल 240 प्रकरणो का निराकरण किया। इस दौरान न्यायालय द्वारा 11 ऐसे प्रकरणो का निराकरण किया जो बीते पांच सालो से न्यायालय में विचाराधीन थे वही दस ऐसे प्रकरणो का निराकरण हुआ जो बीते दो सालो से न्यायालय में चल रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा राजस्व विभाग के प्रकरणो की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि प्रदेश के विभिन्न जिलो की तुलना में यहां तेजी से सुनवाई हो रही है। इस तरह अनुविभाग विभिन्न अनुविभाग को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में पहले नंबर पर रहा। उल्लेखनीय है कि जिले में राजस्व प्रकरणो का जहां तेजी से निराकरण किया जा रहा है वही कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा समय समय पर प्रकरणो को लेकर अधिकारियो को बैठक भी ली जा रही है। यही कारण है कि राजस्व प्रकरणो की तेजी से निराकरण हो रहा है। बीते 13 नवंबर को संभागीय कमिशनर ने अनुविभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। उस दौरान भी अनुविभागीय न्यायालय द्वारा किए जा रहे प्रकरणो के निराकरण की गति को देखते हुए अनुविभागीय कार्यालय के प्रसंशा की थी।




### एक माह में 129 प्रकरणों का निराकरण

पक्षकार बताते है कि अनुविभागीय अधिकारी आर.के सोनकर की कार्यशैली निराली है। कोर्ट में बैठने से पहले अनुविभागीय अधिकारी पूरे परिसर का भ्रमण करते है एवं वहां आए हुए पक्षकारो से चर्चा करते है उनके आने का कारण पूछते है एवं उनकी समस्याओ को सुनते है। अनुविभागीय अधिकारी आरके सोनकर दोपहर भोजन अवकाश के बाद एक बार पुनः पूरे परिसर का भ्रमण कर वहां आए हुए ग्रामीणो से चर्चा करते है एवं यह जानने का प्रयास करते है कि कोई ग्रामीण किन्ही कारणो से भटक तो नही रहा है। परिसर भ्रमण का क्रम कार्यालय बंद होने के पूर्व अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पुनः किया जाता है और यह देखा जाता है कि कोई ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय आने के बाद बिना काम हुए ना लौटे। पक्षकार बताते है कि उनके ऐसा करने से हमे अनाव"यक रूप से अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में दिनभर नही बैठना पड़ता एवं इससे हमारे काम समय पर हो जाते है। अनुविभागीय अधिकारी आरके सोनकर ने कहा राज्य शासन की मंशा अनुसार जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

# तुंहर टोकन एप्प से आसान हुई धान खरीदी, संबलपुर केंद्र में किसान उत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

धान खरीदी केन्द्र में सुव्यवस्थित व्यवस्था से समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी के कार्य से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किसान -पाराम बलिहार ने कहा कि, मोबाईल के माध्यम से आसानी से टोकन कटाया और उनका धान भी आसानी से विक्रय हो रहा है। जिले के धान उपार्जन केन्द्र संबलपुर में किसान -पाराम ने बताया कि वे इस वर्ष धान खरीदी के कार्य से काफी खुश है। धान खरीदी के कार्य में काफी सुविधा मिली है। उन्हें इस बार किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़ा, -पाराम ने बताया कि उन्होंने धान खरीदी शुरू होने से पूर्व ही अपने मोबाईल में तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से घर बैठे ही अपने धान के विक्रय हेतु टोकन कटाया है। उसने बताया कि वह धान की खेती में करता है। जिसके विक्रय की उसे चिंता लगी रहती थी। लेकिन ऑनलाईन टोकन की सुविधा मिलने से उसे आसानी से ही अपने धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त हो गया और धान खरीदी के प्रथम दिन तथा आज दूसरे दिन भी वह अपना धान विक्रय कर रहा है।

किसान -पाराम ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र संबलपुर में प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत व्यवस्था की गई है। पेयजल, शौचालय, बैठक के साथ ही धान विक्रय हेतु पर्याप्त बारदाना, हमाल, तौल मशीन आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसान -पाराम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के किसान हितैषी योजनाओं एवं निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान की खरीदी तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी से हम किसानों के लिए कृषि का कार्य काफी लाभदायक बन चुका है। इससे हम किसानों का भविष्य समृद्ध और मजबूत बन रहा है।

# विकसित प्रदेश निर्माण के लिए सरकार को सकारात्मक सोच से कार्य करना होगा: संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

हम सभी मिलकर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाएंगे। प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए हम सरकार के साथ सहयोग करेंगे। सरकार को सकारात्क सोच के साथ कार्य करते हुए सभी वर्ग, समूह, समुदाय के हितो को ध्यान मे रखकर कार्य करना होगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश निर्माण में हमारे पूर्व विधायक स्व. जालम सिंह पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उक्त बाते संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कही। संगीता सिन्हा ने प्रेस से चर्चा में बताया कि हमने विकसित प्रदेश के लिए कई सुझाव दिए है। प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी किसान है। लेकिन आज किसान बहुत दुखी है। किसी तरह फसल होने के बाद आज वे अपने फसल को ठीक से बेच नही पा रहे है ऐसे मे प्रदेश के विकसित होने की गति प्रभावित होगी। संगीता सिन्हा ने कहा हमारा प्रदेश अपनी आवश्यकता से अधिक बिजली बना रहा है, हमारे प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनो की कमी नही है फिर भी प्रदेशवासी बिजली संकट से जूझ रहे है। ग्रामो में अविरल बिजली नही मिल रही है। प्रदेश के खेत बिजली के अभाव में समय पर पानी नही मिलने से सूख जाते है। प्रदेश में शिक्षा की स्थिति भी बद्तर है। स्वास्थ व्यवस्था भी चरमरा रही है ऐसे में विकसित प्रदेश कैसे बनेगा। पिछली भूपेश बघेल की सरकार ने आम जनता की छोटी छोटी जरूरतो को ध्यान में रख कार्य किया गया था। गोबर खरीदी के माध्यम से गौ पालको को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया।

स्कूलो में शिक्षको के नियुक्ति के साथ आधुनिक शिक्षा के लिए हिन्दी के साथ अंग्रेजी माध्यम के स्कूल भी चालू कर शिक्षको की व्यवस्था की गई जिससे बच्चो को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा मे सहयोग मिलता। संगीता सिन्हा ने कहा सभी के हितो को ध्यान में रखते हुए सरकार को कार्य करना होगा तभी प्रदेश विकसित प्रदेश बन सकेगा।



■ किसानों की समस्याओं ने प्रदेश विकास की रफ्तार रोकी : विधायक सिन्हा

**विकसित भारत थीम पर युवा सांसदों ने रखे प्रभावी विचार**

# जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में सेजस ने हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्रओं ने पक्ष एवं विपक्ष नेता के माध्यम से ज्वलंत समस्याओं पर विचार उत्तेजक प्रश्नों का प्रदर्शन करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

युवा सांसद प्रतियोगिता 2025 का थीम विकसित भारत युवा सांसद विषय पर छात्रें ने संसदीय कार्यप्रणाली को प्रदर्शित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। युवा संसद में उठाए गए मुद्दे कल्याणकारी योजनाएं, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक न्याय, सामाजिक सुधार, सांप्रदायिक सद्भाव, शिक्षा एवं चिकित्सा आदि पर केंद्रित किया जा सकते हैं। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि युवा संसद प्रतियोगिता का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के साथ अनुशासन का स्वस्थ आचरण एवं दूसरों के विचार के प्रति सहिष्णुता और छात्र समुदाय को सांसद कार्यवाही से परिचित कराना है। ताकि उनमें नेतृत्व कौशल एवं जागरूक नागरिकता की भावना विकसित की जा सके। इसमें कक्षा 9वी से 11वीं के छात्र–छात्रओं को शामिल किया गया है।

इस प्रतियोगिता में 55 छात्र छात्रओं ने अपनी प्रस्तुति दी। अध्यक्ष माधुरी साहू ने सभा का संचालन किया। महासचिव लीना, प्रधानमंत्री योगांत देशमुख, विपक्षी नेता बालकृष्ण, उद्योग मंत्री भूपेश, मानव संसाधन विकास मंत्री लक्ष्मी साहू, वित्त मंत्री लक्ष्य देवांगन, खाद्य एवं कृषि मंत्री अनुराग शर्मा, कोयला मंत्री काव्यांश, पेट्रोल मंत्री दीपांशु, खेल एवं युवा मंत्री ओरीना, गृह मंत्री नम्रता यादव ने अपने पद पर आसीन होकर विभाग की समुचित जानकारी दी। इस सदन की कार्यवाही में प्रश्नकाल शामिल होता है जिसमें सदस्य मंत्री से प्रश्न पूछते हैं तथा तय किए गए विषयों पर बहस होती है। प्रतियोगिता में लेखराम साहू एपीसी, नोडल प्रभारी पीआर ठाकुर तथा निर्णायक एस बेक, आर कार्टेद्र एवं मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे। स्टाफ के शिक्षकों आरएस देशमुख, एसआर चुरेंद्र, टीएस मंडावी, हरिश्चंद्र पटेल, भागवत साहू, महेंद्र पटेल, डीपी सिंन्हा, रोमेंद्र देवांगन उपस्थित थे।



## समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग होंगे शामिल

# तहसील साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज, विपिन साहू होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज.गुरूर

तहसील साहू संघ गुरूर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिथलेश साहू सहित पदाधिकारी आज गुरूवार को अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे।

मिथलेश साहू के साथ उपाध्यक्ष पुरूश पद पर दुष्यंत साहू एवं महिला ललिता पिमन साहू, संगठन सचिव पुरूश लक्ष्मीचंद साहू, महिला डामेश्वरी साहू के साथ अन्य पदाधिकारियो द्वारा शपथ ग्रहण किया जावेगा साथ ही निवृत्त हो रहे पदाधिकारियों को ससम्मान विदाई देने समारोह का आयोजन 20 नवंबर को तहसील साहू सदन प्रांगण गुरूर में किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश साहू संघ रायपुर विपिन साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद सोमन साहू करेंगें। विशिष्ट अतिथि सदस्य अखिल भारतीय तेली महासभा नई दिल्ली प्रीतम साहू, पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर गोपाल साहू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर हलधर साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ दयाराम साहू, पूर्व विधायक संजारी बालोद कुमारी बाई साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, सलाहकार प्रदेश साहू संघ रायपुर पवन साहू उपस्थित रहेंगे।

वि"ोश अतिथि में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू, सभापति जिला पंचायत गुरूर तेजराम साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति जिला पंचायत गुरूर लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जिला पंचायत गुरूर चंद्रिरका गंजीर, समाज सेवी पूरण साहू उपस्थित रहेंगे।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री विद्यालय में न्योता भोजन कराकर मनाया स्थापना दिवस

भिलाई। सामाजिक संस्था प्रजा सेवा समिति भिलाई ने अपनी संस्था के 18 वे स्थापना दिवस के अवसर पर पी.एम.श्री शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर, खुर्सीपार में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति -निर्माण के अंतर्गत छ.ग. शासन के विद्यालय में न्योता भोजन योजना के तहत विद्यालय, समुदाय में अपनेपन की भावना विकसित करने विद्यालय एवं समाज के मध्य आपसी तालमेल एवं समुदाय की शाला में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों के लिए कॉपी, कंपास, पेन का वितरण समिति एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया । प्रजा सेवा समिति विगत दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनकन्या विवाह रक्तदान, बेघरों के लिए आवास निर्माण करके देने का कार्य लगातार करते हुए आ रही है। इस न्योता भोजन के आयोजन में प्रजा सेवा समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मर्रा की बालिका का चयन



दुर्ग। 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र पेण्ड्रा में 25 से 27 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा पाटन की प्रतिभाशाली बालिका लक्ष्मी नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व किया। खेल एवं युवा कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के अंतर्गत ब्लॉक दुर्ग, पाटन एवं धमधा के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से लक्ष्मी नेताम ने अपने उम्दा खेल कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिला प्रशासन एवं विभाग के अधिकारियों ने लक्ष्मी नेताम को बधाई दी है।

# स्टार्टअप से रोजगार प्रदान करें, न कि नौकरी मांगने लाइन में खड़े हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में हुनर 2025 का आयोजन 10 से 17 नवंबर 2025 तक किया गया। इसमें महाविद्यालय के 6 विभागों के प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर थी। हर समूह आगे बढ़ाने की होड़ में बेहद ही उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिए।

हुनर फेस्ट 25 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा एवं डीन एकेडमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य गीत अरपा पैरी के धार से छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हुनर कार्यक्रम सिर्फ एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि छात्रों के हुनर को बाहर निकलने का एक अच्छा अवसर है। सब में कुछ न कुछ प्रतिभाएं छिपी होती है और उस प्रतिभा को बाहर निकलने का अच्छा अवसर है जिस में हम सफल रहे।

मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि भारत सभी धर्मों का सम्मान करता है और इसका कारण यह है कि यहां सनातन धर्म है। भारत हमेशा से शिक्षा और ज्ञान का केंद्र रहा है। हमारे युवा पीढ़ी स्टार्टअप के माध्यम से लोगों को रोजगार प्रदान करें न की नौकरी मांगने की लाइन में खड़े हो। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 का भी उल्लेख किया तथा प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बच्चों के हुनर को रखने का कार्य कभी उल्लेख किया। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के डीन एकेडमी डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं संस्कृति का संबंध यही दिखाई देता है। सभी इस कार्यक्रम में आत्म विभोर होकर अपनी सहभागिता दी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान भी दिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ संदीप जसवंत एवं डॉ लक्ष्मी वमा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र वर्ग में उमंग एवं डॉ वंदना सिंह ने किया।

## कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

### हुनर इंटर डिपार्टमेंट फेस्ट सांस्कृतिक स्पर्धा में प्रतिनिधित्व

प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपाली देवांगन गर्ल्स एवं प्रांजल मातुरकर बॉयज वर्ग का प्रतिनिधित्व किया। शिक्षा विभाग से लिखील साहू एवं जयश्री व्यापारी वाणिज्य विभाग से सौरभ ध्रुव एवं पूजा झा, प्रबंधन विभाग से त्रिस्मीत सिंह भाटिया एवं स्वाती बिसेन, कला विभाग से देवांशु एवं रितिका, विज्ञान विभाग से खुशी सिंह राजपूत एवं मुनेश्वर, बीसीए विभाग से पायल एवं पवन प्रतिनिधि चुने गए। हुनर कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत टेबल टेनिस, हाथ कुश्ती महिला एवं हाथ कुश्ती पुरुष तथा सांप सीढ़ी जैसे रोमांचक खेलों से किया गया। द्वितीय दिवस रंगोली पेंटिंग वाद विवाद प्रश्नोत्तरी एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का बौद्धिक परीक्षण हुआ तो वहीं खेलकूद में भी किसी से पीछे नहीं रहे।



### 25 साल के विकास को थीम के रूप में किया प्रदर्शित

पेंटिंग एवं रंगोली में छत्तीसगढ़ आदिवासी जनजाति थीम के रूप में दिया गया। वाद विवाद में छत्तीसगढ़ के 25 साल विकास को थीम के रूप में, मेहंदी में ब्राइडल मेहंदी थीम तो शतरंज की चाल और फुटबॉल की मस्ती में सभी विभाग के छात्र-छात्राएं पीछे नहीं रहे। क्रिकेट के रोमांचक खेल में तो सभी अपनी उम्र की सीमाएं ही लाघ दिए। एकल एवं युगल गीत तथा युगल नृत्य की प्रस्तुति से सभी मंत्र मुग्थ हो गए। अंतिम दिवस रस्साकशी का आयोजन किया गया जिसमें सभी जोर आजमाइश करते दिखे। दूसरी ओर रैम्प वाक में छात्रों ने भूतो के थीम पर ऐसा जलवा बिखरे की लगा। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे पूरे कार्यक्रम में शिक्षा विभाग का वर्चस्व रहा। द्वितीय स्थान पर वाणिज्य विभाग तृतीय स्थान पर प्रबंधन विभाग चतुर्थ स्थान पर विज्ञान विभाग पांचवें स्थान पर कला एवं कंप्यूटर विभाग रहा। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह सीड बॉल देकर सम्मानित किया गया।

## खरसिया-परमलकसा रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

# छोटे किसानों की जमीन के मुआवजे का निर्धारण हेक्टेयर में किए जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह रेलवे लाइन करीब 278 किलोमीटर तक बिछाई जानी है। इस लाइन के बिछने से मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों के ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इसके लिए यह पांचवी और छठवीं पाइपलाइन प्रस्तावित की गई है। इस रेलवे लाइन के लिए फिलहाल भिलाई-तीन और पाटन क्षेत्र में सर्वे का काम चल रही है। दुर्ग जिले के करीब 25 गांव इस रेलवे लाइन की जद में आ रहे हैं। इसे देखते हुए इन गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर शासन ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही जमीन के भू-अर्जन की प्रक्रिया भी शुरू होनी है।

शासन ने तय किया है कि जमीन के मुआवजे का निर्धारण हैक्टेयर में किया जाना है। इसका किसानों ने विरोध किया है। इसे लेकर किसानों ने ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुलाकात की। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। चर्चा के दौरान राजूलाल देशमुख, राजेश साहू, धर्मेंद्र साहू, उमंदी ठाकुर, प्रदीप देशमुख, संदीप सिंह, मलेश निषाद, यशवंत साहू, मोहनलाल साहू, उमेश साहू, चिंतामणि गजपाल सहित अन्य मौजूद थे। किसानों ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को अपारदर्शी, एकतरफा और मनमाना निर्णय बताया। किसानों ने कहा कि उक्त पुस्तैनी जमीन जीविका का एक मात्र साधन है। बिना ग्रामसभा की बैठक या प्रभावितों की सहमति के यह निर्णय संविधान के प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है।

## ग्रामीण मिले विधायक ललित चंद्राकर से, मांगों का सौंपा ज्ञापन



### 8714 करोड़ के प्रोजेक्ट में बिछनी है 278 किमी है लाइन

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 8,741 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना में काम होना है। इस परियोजना के माध्यम से बलौदाबाजार जिले के साथ ही अन्य क्षेत्रों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इस परियोजना के साथ ही इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। 278 किमी लंबा यह रेलमार्ग होगा, जिसके लिए 615 किमी ट्रैक बिछाई जाएगी। कुल 21 स्टेशनों से होकर यह रेलवे लाइन गुजरेगी। इसके लिए 48 बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 आरओबी, 184 आरयूबी, 5 रेल फ्लाईओवर का काम होगा। राज्य के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जिले के लोगों को इसका फायदा होगा।

### किसानों ने कहा- निर्णय विसंगतिपूर्ण, पुनर्विचार की जरूरत

किसानों ने विधायक को बताया कि यह रफ्ट्रल एक्ट 2013 की भावना के विपरीत है। भूमि के वास्तवि बाजार मूल्य 100 प्रतिशत सॉलैटिम, 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज को ध्यान रखकर मुआवजा तय होना चाहिए। विस्थापित परिवारों को नौकरी दी जाए। पुनर्मूल्यांकन या निराकरण समिति का गठन किया जाए। पुणे महाराष्ट्र की कंपनी मोनार्क कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से खड़ी फसल में प्रवेश कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बिना अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर ललित चंद्राकर ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद सार्थक निर्णय लिए जाने का भरोसा दिलाया।

### इन ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन का होना है अधिग्रहण

अधिकारियों के मुताबिक दुर्ग जिले घुघसीडीह, खोपली, बोरिगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंद्रखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, पाउवारा, ठकुराईनटोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनों का अधिग्रहण होना है। इसे देखते हुए ही इन क्षेत्रों की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई गई है।

# अमीन भर्ती परीक्षा के लिए व्यापम ने जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



■ कलेक्टर ने पालन करने की अपील की

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शीपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया गया है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने व्यापम द्वारा 07 दिसंबर को आयोजित जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले जिले के सभी अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सफलतापूर्वक परीक्षा के आयोजन में सहयोग करने को कहा है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अंतर्गत परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करे। जिससे उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुँचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके।

जारी दिशा निर्देश में बताया गया है कि परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा सुबह 12 बजे से प्रारंभ हो रहा है अतः मुख्य द्वार सुबह 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षाथएँ हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देना अनिवार्य है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कमएँ से जांच कराना अनिवार्य है। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षार्थी फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षाथएँ परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आए। उल्लेखनीय है कि 07 दिसंबर को आयोजित होने वाले जल संसाधन विभाग अंतर्गत भर्ती परीक्षा हेतु राज्य 16 जिलों में 756 परीक्षा केन्द्रों बनाया गया है। जिसमें 02 लाख 29 हजार 970 अभ्यर्थी शामिल होंगे।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शुरू किया शताब्दी वर्ष गृह संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन है। यह संघ स्थापना का शताब्दी वर्श है, संघ कार्य के शताब्दी वर्ष के निमित्त हर ग्राम नगर तक संघ का संदेश पहुंचे इस हेतु गृह संपर्क अभियान आरंभ किया गया है।

इसके माध्यम से हर गांव–बस्ती में घर–घर जाकर आत्मीयता पूर्वक प्रत्यक्ष संवाद किया जा रहा है, इसके माध्यम से संघ विचार, संघ कार्य एवं उद्देश्यों की पूर्ति राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने तथा समाज में सकारात्मक एवं सांस्कृतिक गौरव का जागरण हो।

इस निमित ग्राम पलारी स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में पूजन कर गुरुर खण्ड के हर गांवों में संपर्क अभियान हर्षो उल्लास के साथ प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला प्रचारक बालोद खंड कार्यवाह गुरुर सुपेश साहू, कथा प्रवक्ता अमित झा, सह खंड कार्यवाह लिकेश हिंदू, पालक नगर पंचायत पलारी संतोष गंगबेर, संयोजक चम्पेश साहू, त्रिभुवन साहू, डीकेश्वर साहू, निहाल साहू, नीरज सिन्हा, होमेश साहू, टाकेंद्र साहू, साहिल एवं खंड के स्वयं सेवक बंधु गण उपस्थित थे।

## एम्स भुवनेश्वर में छग राज्योत्सव व मित्र मिलन समारोह धूमधाम मनाया



डौंडीलोहारा। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एम्स भुवनेश्वर के कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव एवं छत्तीसगढ़िया मित्र मिलन समारोह मनाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना एवं राजकीय गीत के माध्यम से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के लोकगीतों एवं लोकनाट्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ के संस्कृति को संजोया गया, इस कार्यक्रम को संपन्न बनाने में मुख्य रूप से बालोद जिले से एम्स के नर्सिंग ऑफिसर सूर्यकांत दुबे, डालेंद्र यादव, रूपेश साहू ,आवेश साहू, जगजीत जी एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## 200 यूनिट हाफ बिजली सुविधा नहीं सस्ता राजनीतिक स्टंटः विधायक अनिला

डौंडीलोहारा। भारतीय जनता पार्टी की विष्णु सरकार ने 200 यूनिट बिजली हाफ करने की घोषणा की है, लेकिन यह निर्णय किसी भी प्रकार से जनहित में लिया गया कदम नहीं है।

यह कदम मात्र कांग्रेस पार्टी के लगातार दबाव और जनता के बढ़ते आक्रोश के कारण उठाया गया है। पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 400 यूनिट तक बिजली हाफ होती थी, जिससे लाखों परिवारों को वास्तविक आर्थिक राहत मिलती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस सुविधा को खत्म कर दिया और अब आधी-अधूरी राहत देकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।



विधायक अनिला भेड़िया ने कहा 200 यूनिट हाफ करना जनता के साथ छल है, राहत नहीं। यह निर्णय जनता की पीड़ा को समझने के बजाय राजनीतिक समीकरण साधने का प्रयास है। भाजपा सरकार पहले सुविधा छीनती है, फिर "अधूरी राहत" देकर वाहवाही लूटना चाहती है। कांग्रेस पार्टी और मैं मांग करती हु कि 400 यूनिट तक बिजली हाफ की सुविधा तुरंत पुनः लागू की जाए। जनता का पूरा हक़ उन्हें वापस मिलमें नहीं टाला जाए। वर्तमान समय में जनता महंगी बिजली और बढ़ते बिलों से परेशान है। कांग्रेस पार्टी उनकी तकलीफ को भली-भांति समझती है और हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। जब तक 400 यूनिट हाफ बिजली व्यवस्था बहाल नहीं होती,तब तक कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर संघर्ष को और तेज करेगी।

## जिला खाद्य विभाग की कार्रवाई तेज, किसानों को कोचियों से सावधान रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय उड़न दस्ता दल द्वारा सघन जाँच की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान जिले में 300 क्विंटल धान जप्त किया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य अंतर्गत जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय उड़न दस्ता दल द्वारा संघन जांच कर मंडी अधिनियम अंतर्गत अब तक कुल 26 प्रकरण बनाकर 684.80 क्विंटल धान की जप्ती की गई है। उन्होंने बताया कि आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में वाहन से कुल 750 कट्टा धान, वजन 300 क्विंटल जप्ती की कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे अपने पंजीकृत रकबे पर किसी कोचिया, व्यापारी का धान विक्रय न कर अपने द्वारा उत्पादित धान का समर्थन मूल्य पर नियमानुसार विक्रय करे।

## आरटीओ ने शुरू की यात्री बसों की जांच

भिलाई। जैसलमेर में यात्री बस अग्निकांड में पिछले दिनों 26 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में यात्री बसों की लापरवाही सामने आई है। लगातार बसों को मॉडिफाई किया जा रहा है। इस शिकायत को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने भी बसों की जांच के लिए सभी जिलों के परिवहन विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवेयरनेस कैम्पेन चलाने कहा गया है। दुर्ग में भी आरटीओ ने जांच शुरू कर दी है। अब तक ऐसी बसों को लेकर जानकारी नहीं मिली है, लेकिन नियमित रूप से यात्री बसों को रोककर उनकी जांच की जा रही है। बता दें कि जैसलमेर घटना में सामान्य स्लीपर बस को एसीयुक्त बनाकर उपयोग में लाया जा रहा है। फायर विंडो की जगह को भी ब्लॉक कर दिया गया था। इस वजह से अग्निकांड ने भीषण रूप लिया, यात्रियों को बस से बाहर निकलने की जगह तक नहीं मिल सकी। इसे देखते हुए दुर्ग परिवहन विभाग ने बसों की जांच शुरू की है। यात्रियों को फायर सेफ्टी से जुड़ी जानकारी दी जा रही है।

## नेहरू नगर में भगवान शिव की मूर्ति स्थापना कर वार्डवासियों ने की सामूहिक पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

वार्ड क्रमांक 27 के नेहरू नगर क्षेत्र में मंशा राम होटल के पीछे वार्डवासियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान शिव की मूर्ति स्थापना की गई।

वार्ड के रहवासी हीरालाल पवार ने बताया कि मूर्ति स्थापना और पूजा-अर्चना का कार्य पंडित देवप्रसाद आर्य एवं दमयंती पवार द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में संतोष कुर्रे, सुरेंद्र कुर्रे, छोटी कुर्रे, पहलाद कुर्रे, नंदकुमार यादव, संध्या यादव, चंचल रावटे, विकास कुर्रे, निशा दास, सुनीता, तुलसी, सपना सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्ड 26 की पार्षद टी. ज्योति और वार्ड 27 के पार्षद सूरज विभार ने भी शामिल होकर मूर्ति स्थापना पर अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। वार्ड में हुई इस धार्मिक पहल से क्षेत्र में भक्ति और सामाजिक एकता का माहौल और प्रगाढ हुआ।



## नशामुक्ति की विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ

दुर्ग। मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो रहीं है, जिसके समाधान के लिए नशामुक्त भारत अभियान की शुरूवात की गई है। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस तारतम्य में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में ड्रग समिति स्थापित की गई है, जो कि निरंतर एवं नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियां न सिर्फ महाविद्यालय परिसर अपितु महाविद्यालय के आसपास भी सक्रिय है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि युवा नशामुक्त भारत अभियान में स्वयंसेवक या प्रशिक्षु बनकर जुड़ सकते हैं। प्रशिक्षण और सक्रिय भागीदारी के जरिए वे जागरूकता और आऊटरिच कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, इस हेतु यूथ रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक एवं स्नातकोत्तर छात्राएं कार्य कर रहीं हैं। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए छात्राओं एवं कर्मचारियों को मादक पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम करने की शपथ दिलाई।

**खबर संक्षेप**

### युवा रत्न पुरस्कार 2025-26 आवेदन की अंतिम तिथि 30 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत युवा रत्न पुरस्कार सम्मान हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की –ष्टि से युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत 2025–26 हेतु युवा रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा रत्न पुरस्कार हेतु जिले के इच्छुक व्यक्ति एवं संगठन 30 नवंबर तक कार्यालयीन समय में कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान स्थित बुनियादी शाला मैदान परिसर में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण के कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## स्पर्धा : वृत्त और उनके गुणधर्म मॉडल ने जीता राज्य में प्रथम स्थान

# राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में वंशिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

- जिला शिक्षा अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने बाल वैज्ञानिकों को

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरगुजा संभाग के जशपुर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य कथानक ' विकसित और आत्मनिर्भर भारत' विषय पर राज्य के लगभग 700 मॉडलों का विभिन्न उप-कथानकों पर प्रदर्शन किया गया जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा के कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका सिंह का व्यक्तिगत प्रोजेक्ट मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग के अंतर्गत ' वृत्त और उनके गुणधर्म ' राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही शाला के व्याख्याता तामसिंग पारकर ने ' शिक्षण सहायक सामग्री' का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और संभाग को गौरांवित किया। चयनित बाल वैज्ञानिक वंशिका सिंह और व्यख्याता तामसिंग पारकर (भौतिक शास्त्र) समारोह के मुख्य अतिथि राधेश्याम राठिया सांसद लोकसभा क्षेत्र जशपुर, विशिष्ट अतिथि राय मुनि भगत विधायक जशपुर, गोमती साय विधायक पत्थलगांव के द्वारा सम्मानित हुए।



बाल वैज्ञानिक कुमारी वंशिका सिंह के मार्गदर्शक व्याख्याता सोनल गुप्ता ने बताया कि छात्रों द्वारा गणित के वृत्त जैसे टॉपिक पर आसानी से समझ विकसित किया जा सकता है, उनके गुणधर्म भी बहुत ही मनोरंजक है, इस आधार पर यह व्यक्तिगत प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। राज्य स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला में टीएलएम प्रदर्शित करने वाले व्याख्याता तामसिंग पारकर ने भौतिक शास्त्र के विभिन्न 20 जटिल सिद्धांतों , प्रयोगों तथा नियमों जिसमें ओम का नियम, ऑर्स्टेड का प्रयोग, फेराडे का नियम, पृष्ठ तनाव का प्रदर्शन, आर्कमिडीज का सिद्धांत, बरनौली का प्रमेय, बॉयल का नियम ,चार्ल्स नियम ,द्रव्यमान केंद्र आदि का शैक्षिक सहायक सामग्री द्वारा प्रदर्शन विज्ञान मेला का केंद्र बिंदु रहा। इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी ने कहा कि बच्चे अपने आसपास हो रहे क्रियाकलापों में विज्ञान की उपस्थिति का अनुभव कर यह जान सकता है कि हम भौतिक और सामाजिक पर्यावरण से अधिगम प्रक्रिया को जोड़कर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा ने कहा कि यह बाल वैज्ञानिक अपनी सरल ज्ञान कौशल को साझा कर शाला को गौरवान्वित किया है, इस भविष्य के वैज्ञानिक के प्रति शाश्वत प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। योगेंद्र कुमार सिन्हा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जो छात्र ,अध्यापक किसी कार्य को बड़ी लगन ,सावधानी ,तत्परता और दक्षतापूर्वक करते हैं वह एक दिन बड़ा कार्य करने में सफल हो जाते हैं। डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने कहा कि वैज्ञानिक धारणाओं को अपनाकर नए तरीकों की खोज करने वाले कुसुमकसा के छात्र, अध्यापक पर हमें गर्व है।

इस अवसर पर सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी डौंडी, सरपंच वेदबाई पिस्दा, उप सरपंच नितिन जैन, अनिल सुथार, मनीष जेठवानी,डॉ नसीम खान ,नईम कुरैशी, पंकज जेठवानी, पीटीआई लक्ष्मण गुरुंग, शेष कुमार कोसमा, व्याख्याता संदीप नायक, आमोद त्रिपाठी ,सरिता पांडे, रानू सोनी शिवम गुप्ता ,प्रियंका सिंह ,भावना यादव ,नदीम खान ,त्रिशला नोनहारे ,यामिनी नेताम यशेष राउते, पूजा रात्रि ,अंकित मानकर, होमेश्वरी भेड़िया, गरिमा, समीक्षा, भूपेश टंडन ,प्रवीण किरनापुरे ,प्रकाश धीवर आदि ने उज्जवल भविष्य की।

# तुंहर टोकन एप्प से आसान हुई धान बिक्री, निपानी के बुजुर्ग किसान ने की व्यवस्था की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुगमता और पारदर्शिता के साथ जारी है। जिले के ग्राम निपानी के बुजुर्ग किसान कोल्हु राम साहू ने बताया कि शासन–प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, इसका परिणाम है कि उनका लगभग 80 क्विंटल धान आसानी से विक्रय हो पाया है।

उन्होंने बताया कि धान खरीदी का कार्य शुरू होने के पूर्व ही उन्होंने अपने फसल की कटाई, मिंजाई आदि कार्य पूरा कर लिया था। धान खरीदी के एक दिन पूर्व ही उन्होंने अपने नाती के सहयोग से मोबाईल में तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से अपने धान के विक्रय हेतु टोकन लिया। उन्होंने बताया कि पहले सोसायटी में टोकन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब मोबाईल के माध्यम से ही घर बैठे ऑनलाईन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिली है, जो कि उनके जैसे बुजुर्गों के लिए काफी सुविधाजनक साबित हुआ है।

बुजुर्ग किसान साहू ने बताया कि उन्होंने 17 नवम्बर को 80 क्विंटल धान विक्रय के लिए टोकन लिया था, उस दिन वे धान खरीदी केन्द्र खुलते ही अपना धान लेकर आ गए थे। जिसके पश्चात समय पर ही उनके धान की आद्र्ता माप कर, पर्याप्त मात्र में बारदाना उपलब्ध कराया गया। बारदाना में धान भरने, तौलाई, सिलाई तथा स्टेक में रखने हेतु खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्र में कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से समय पर ही उनका धान विक्रय हुआ है। उन्होंने कहा कि 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान की खरीदी तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी से सभी किसानों के लिए खेती का कार्य काफी लाभदायक बन चुका है।

# पपीते की खेती ने बदली किसान की किस्मत विजय को 10 लाखों की मुनाफा का अनुमान

**36 हजार के अनुदान से शुरू की पपीता खेती, अब लाखों की आमदनी का अनुमान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के गुरुर विकासखण्ड के ग्राम बिच्छीबाहरा के कृषक विजय कुमार देवांगन के लिए खेती हमेशा से ही जीवन का आधार रही है। पहले वे अपनी ही भूमि पर पारंपरिक रूप से सब्जी की खेती करते थे।

कृषक विजय कुमार ने बताया कि उन्हें उद्यानिकी विभाग की ओर से फलदार पौधे की खेती पर अनुदान मिलने की जानकारी मिली। यह एक ऐसा अवसर था जिसने विजय को खेती के एक नए आयाम की ओर सोचने पर मजबूर कर दिया। कृषक विजय ने बताया कि उन्हें उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत फल क्षेत्र विस्तार योजना का



लाभ लेने का निश्चय किया। उन्होंने वर्ष 2025–26 में 06 एकड़ भूमि पर पपीते की खेती शुरू की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत उद्यानिकी विभाग से उन्हें 02 हेक्टेयर के लिए 36 हजार रूपये की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई। कृषक विजय ने बताया कि उनकी मेहनत और सही समय पर लिए गए निर्णय के परिणाम स्वरूप लगभग 700 क्विंटल पपीते के उत्पादन कर रहे हैं। जिनका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 15 रूपये प्रति किलोग्राम के अनुसार लगभग 10.50 लाख रूपये तक का लाभ प्राप्त होने की पूरी उम्मीद है।

उन्होने बताया कि पपीता की खेती निश्चित रूप से अन्य फसलों की अपेक्षा अधिक आय देने वाली फसल है। इस तरह कृषक विजय कुमार देवांगन अपने क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी बन गए हैं। इसके लिए उन्होंने बताया कि भविष्य में भी वे उद्यानिकी विभाग के सहयोग से दूसरी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त करेंगे और अपनी खेती को एक नई ऊंचाई देंगे।

# कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय रासेयो शिविर की शुरुआत हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर आयोजित की जाती है जो युवाओं में शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा राष्ट्र निर्माण और समूचे समाज की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध किया जाता है जिसके उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, अध्यक्षता एम एल देशमुख प्राचार्य माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही, विशेष अतिथि सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा,दामिनी चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, इंद्रजीत चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, जी. आर.शर्मा, कुलदीप साहू अध्यक्ष



भाजपा मंडल ओटेबंद, लीना देवांगन प्राचार्य शा. पूर्व माध्य.शाला सिरसिदा एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य छात्रों को जीवन में सामाजिक मूल्यों के साथ साथ व्यक्तित्व के विकास के लिए आयोजित किया जाता है जिसमें सात दिवसीय तक छत्तीसगढ़ शासन राष्ट्रीय सेवा प्रकोष्ठ की योजना नशा मुक्त युवा थीम की गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें स्वच्छता, शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एवं नारी सशक्ति पर प्रोत्साहन दिया जाएगा, इस कार्यक्रम के आयोजन पर ग्राम के प्रमुख कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्राम जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और इस दल के साथ जागरूक करने के लिए लोगों के बीच सात दिन तक हम भी कार्य करेंगे, कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महा नदी हे अपार से हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस कार्यक्रम के आयोजन में संचालन संजय शुक्ला वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी आभार व्यक्त रुद्रप्रताप साहू ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र,नीतीश राज,रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू एवं समस्त स्वयंसेवक सेवकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## खबर संक्षेप

### मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा पुलगांव में सड़क निर्माण कार्य की नींव रखी

**अंडा।** सर्वांगीण विकास करने के लिए मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा निरंतर विकास कार्य की नींव रखी जा रही है इसी क्रम में पुलगांव में भी लगभग 40 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य की नींव रखी गई भाजपा के



लक्ष्मीकांत दुबे ने बतलाया कि वार्ड के मुख्य मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर हो चुकी थी आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था आवागमन को सुगम बनाने मंत्री यादव जी के पास सड़क निर्माण करने की मांग रखी गई समस्या को देखते हुए मंत्री जी ने स्वीकृति दे दी थी , जिनका भूमिपूजन निगम की जन-प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गया। उक्त अवसर पर दुर्ग महापौर अलका बाघमार नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा वार्ड पार्षद अश्विनी निषाद महेंद्र लोढा ,कौशल साहू ,भूपेंद्र ,दिनेश यादव गोकुल साहू,सतीस साहू,धनराज साहू, शैलदेशमुख ,सुदामा यादव ऋषभ दुबे ,पिंटू मांडवी, कपिल निषाद आदि वार्ड के गणमानय नागरिक उपस्थित थे।

### मेघा ने नेशनल वोविनाम चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




**अंडा।** वोविनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 14वी वोविनाम नेशनल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन तालकटोरा इनडोर स्टेडियम नई दिल्ली में 8 सितंबर में 11 सितंबर को आयोजित किया गया था। जिसमें बालोद जिला के नगर पंचायत अर्जुन्दा निवासी छगनलाल माहेश्वरी की पुत्री कुमारी मेघा माहेश्वरी को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है।मेघा की कड़ी मेहनत व उनकी लगातार अभ्यास के कारण नेशनल चेम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल हुआ। मेघा माहेश्वरी ने स्वर्ण पदक मिलने पर कहा कि यह पदक मेरे माता-पिता व परिवार के सहयोग एवं लगातार अभ्यास से संभव हो पाया और आगे भी अपनी अभ्यास जारी रखूंगी।मेघा को स्वर्ण पदक मिलने से उनके परिवार,समाज सहित सहित नगरवासियों में हर्ष जाहीर किया है।

### बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई

**अंडा।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी मार्गदर्शन में 18 नवंबर को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सनराइज पब्लिक स्कुल अंडा में स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके बाद नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और बच्चो को स्वयं और उनके परिवार को नशा से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। स्कूल प्राचार्य जीतेन्द्र साहू ने नशा के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विस्तृत प्रस्तुति के साथ की उन्होंने ने जानकारी दी कि कम उम्र में शराब,तंबाकू का सेवन भविष्य में कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों और मानसिक तनाव जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया।इस दौरान शिक्षकगण जीतेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू, नरेश विश्वकर्मा, काजल साहू, दिनेश्वरी चंद्राकर, किरण, सुमन, लता, हिमानी,ज्योति साहू सहित पालक गण एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## प्रवचन

### स्वामी युगल शरण ने समझाया कर्म, विकर्म और कर्मयोग का भेद

# कर्म-धर्म के भ्रमजाल में पड़ना जीव को अंधकार की ओर ले जाता है: स्वामी श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 13 वे दिन पूज्य स्वामी युगल शरण ने कर्म मार्ग चर्चा को आगे बढ़ाते आध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने प्रैक्टिकल कर्म–धर्म का पालन करने का अनुभव अपना अनुभव बताया कि कर्म–धर्म करने से घोर अंधकार को प्राप्त करोगे। इसलिए कर्म– धर्म का चक्कर में मत पड़ना। ये जीव को घोर अंधकार की ओर ले जाएगा।

वेद में कहा गया है केवल कर्म करके आध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने अनुभव किया कि कर्म से मुक्ति नहीं हो सकती, स्वर्ग मात्र मिलता है। इससे ब्रह्म की प्राप्ति नहीं हो सकती। कर्म–धर्म के पुल पर चढ़ कर सोचोगे कि मेरी माया निवृत्ति हो जाएगी, यह कभी नहीं होगी। लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होगी। संसार में अनेक प्रकार के मार्ग चल रहे हैं। संसार में सब आये, प्रत्येक अपना–अपना गुणों के हिसाब से वेद वाणी के कई अर्थ कर दिये, निषेधात्मक कर्म जिनको कोई नहीं कर सकता, सबके लिए निषेध ये सबको पालन करना होगा, जैसे झूठ बोलना, अत्याचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, चोरी ये निषिद्ध कर्म है। दूसरा सात्विवक कर्म। इसको वैदिक कर्म कहलाते हैं। इसी को धर्म कहते हैं, पुण्य कर्म कहते हैं। ये कर्म–धर्म, सबको श्रुति स्मृति के अनुसार पालन करना है। इसको कोई उलंघन नहीं कर सकता। नित्य कर्म–सबको अपने अपने वर्ण के अनुसार नित्य कर्म करना होगा। जो नहीं करेगा, दंड मिलेगा। नित्य कर्म करने से फल नहीं मिलता है। नैमित्तिक कर्म कभी कभी कर्मकांड के अन्तर्गत इसका पालन करना होगा। काम्य कर्म कामना पूर्ति के लिए जो यज्ञ आदि कर्म किया जाता है। प्रायश्चित कर्म आपने जान के नहीं किया, आपसे अनजाने में कोई पाप हो गया। तो शास्त्र के नियम के अनुसार उसी जन्म में प्रायश्चित कर्म करने से उसी पाप से मुक्ति मिल जाएगा, मरने के बाद कोई दंड नहीं मिलेगा। इसको प्रायश्चित कर्म कहा जाता है। जो भौतिक सुख आपको इस मृत्युलोक में मिलता है, इसका हजारों गुना सुख स्वर्ग में मिल जाएगा। लेकिन भौतिक सुख तो भौतिक सुख है, परिश्रम नहीं करना, जो सोचा, मिल जाता है। स्वर्ग जाने से माया निवृत्ति नहीं होगी। वहाँ पुण्य भोग करने के पश्चात पटक दिया जाता है हीन योनि में, कुत्ता, बिल्ली, गधा की योनि में, इसलिए श्री—ष्ण ने कहा था अर्जुन को कर्म–धर्म के चक्कर में नहीं पड़ने के लिए। विकर्म उसको कहते हैं जो ना तो श्रुति स्मृति युक्त कर्म–धर्म का पालन करता है और ना ही भगवान की भक्ति करता है। इनको कहा जा सकता है उच्छृंखल या आवारा, मनमाना कर्म करते हैं। ऐसे लोग विकमएँ होते हैं। विकमएँ को नरक मिलता है, उसके द्वारा जो कर्म होता है, वह पाप कर्म कहलाता है जिसका फल है नरक। इसलिए कमएँ विकमएँ से उँचा है। कर्मयोगी जो होता है वह शरीर से कर्म करता है, मन से भगवान का भक्ति करता है। कमएँ भी कर्म करता है, कर्मयोगी भी कर्म करता है, लेकिन दोनों में अंतर है। कमएँ जो कर्म करता है, उसका मन की आसक्ति कर्म में रहती है, यदि कर्म में नहीं रहेगा, तो मंत्र का उच्चारण में त्रुटि हो जाएगी, कर्मकांड में त्रुटि हो जाएगी, फिर फल नहीं मिलेगा। इसलिए कमएँ को अपना मन की आसक्ति पूर्ण रूपेण कर्म में रखनी पड़ती है। रखना पड़ेगा। लेकिन कर्मयोगी जो कर्म करता है, वह शरीर से यथा शक्ति कर्म करता है और मन भगवान में रहती है। उनका मन की आसक्ति तो कर्म में नहीं रहता है, भगवान में रहता है, तो कर्म–धर्म में तो त्रुटि हो सकती है, लेकिन भगवान उनका कर्म को नोट नहीं करते, इसलिए उनको दंड़ नहीं मिलता। मन की आसक्ति जहां होगी, उसी का फल मिलगी। कर्मयोगी मन से भगवान की भक्ति कर रहा है, निरंतर भगवान का स्मरण करता रहता है, तो उनको भगवान का फल मिलता है। तो कर्मयोग होता है शरीर से यथाशक्ति कर्म हो, लेकिन मन का निरंतर योग भगवान में होना चाहिए। कर्मयोगी का मन निरंतर भगवान में रहता है। इसलिए कर्मयोगी को भगवत प्राप्ति होती है। उसकी माया निवृत्ति होती है।

## 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की घोषणा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

गरीब आम जनता को बिजली दरो में हुए बढ़ोत्तरी के कारण हो रही परेशानियो को देखते हुए विष्णुदेव साय सरकार ने 200 युनिट बिजली दर हाफ करने की घोशणा की है, जिससे अब गरीब तपके के लोगो को बड़ा फायदा होगा। उक्त बाते जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कही। सुनीता संजय साहू ने कहा कि प्रदेश की प्रदेश के भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री संवेदनशील है वे



गरीब मजदूर वर्ग के साथ सभी वर्ग के हितो को ध्यान में रख कार्य कर रही है, सरकार लगातार जनहित के निर्णय ले आम जनता को राहत पहुंचा रही है, वर्तमान में बिजली दरो मे वृद्वि के कारण आम जनो के साथ गरीब तपके के लोगो को सबसे ज्यादा परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा था। जिसके कारण गरीब तपके के लोगो का बजट गड़बड़ा गया था तथा अन्य घरेलू खर्च चलाना मुस्किल होता जा रहा था, गरीब लोगो को हो रही परेशानी को देखते हुए साय सरकार द्वारा 200 युनिट बिजली दर हाफ करने की घोशणा से पुनः गरीब तपके के लोगो में उत्साह आ गया है तथा इस फैसले का सभी स्वागत करते दिख रहे है। अब 200 युनिट तक बिजली हाफ होने के कारण लोगो के पैसे बचेंगे तथा उन पैसो को आम जनता अपने घरेलू उपयोग व अन्य कामो में लगा सकेगी।

## कोहका में शिवाजी की विशाल मूर्ति स्थापना का भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



कोहका में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रीय समाज भवन के पास शिवाजी की मूर्ति स्थापना का भूमि पूजन प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य, समाजसेवी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मूर्ति के लिए 11000 रुपए का सहयोग राशि भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में टीकम पिपरिया, हरिवंश देशमुख, तिलक देशमुख, चंद्रिका दिल्लीवार, ओमकार देशमुख, डाकर देशमुख, भागवत देशमुख, लोकनाथ देशमुख, बंसी लाल देशमुख, युगल देशमुख, माधुरी देशमुख, सुधा देशमुख, मोहिनी, तुशन देशमुख, भानुप्रताप देशमुख, गणपत देशमुख, मुन्ना लाल देशमुख, नरेंद्र देशमुख, भुवन देशमुख आदि उपस्थित थे। समाज प्रमुख चंद्रिका दिल्लीवार ने बताया कि यहां पर विशाल शिवाजी की मूर्ति स्थापना की जाएगी। इसके लिए सामाजिक स्तर पर व अन्य स्तर पर लोगों से सहयोग लिया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने 11000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की है। भूमि पूजन के बाद जल्द ही यहां पर चबूतरा निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। पूजा अर्चना का कार्य पंडित ललित तिवारी ने किया।

## परिक्षेत्र साहू समाज घोटिया में तीन वर्ष के लिए नयी कार्यकारिणी की गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी



परिक्षेत्र साहू समाज घोटिया के निर्वाचित अध्यक्ष भोजकुमार साहू सहित पदाधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण किया, कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम मां कर्मा मैया की पूजा अर्चना व आरती के साथ किया, तदपश्चात परिक्षेत्र साहू समाज घोटिया के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को तीन वर्ष के लिए पूर्व परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी, ग्रामीण साहू समाज घोटिया एवं पेंड्री के पदाधिकारी एवं साहू समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता मिलकर कार्यभार सौपा, जिसमें अध्यक्ष श्री भोज कुमार साहू, उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती जयंत्री साहू, संगठन सचिव यादू राम साहू, महिला संगठन सचिव श्रीमती वासनी साहू, कोषाध्यक्ष श्री देवशरण साहू अंकेक्षक श्री जे. पी. सोनेश्वर, एवं सचिव श्री युधिष्ठिर साहू परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी 2025 के लिए चुना गया। अध्यक्ष भोज कुमार साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि हम सब मिलकर साहू समाज को एक नई ऊंचाई तक ले जाना है, आज हमारा समाज पूरे विश्व में सर्वाधिक है, युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज का कर्णधार बन सकता है, यदि वह मन में ठान ले कि हम देश की भावी नागरिक है, हमें समाज को एक नई दिशा देने के लिए हर कार्य को ईमानदारी से करे, युवा वर्ग को मद्यपान नही करने का भी नसीहत दिया, समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता का मार्गदर्शन लेकर हम समाज को एक नई पहचान देगें। सचिव युधिष्ठिर साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यभार में प्रमुख रूप से, ग्रामीण साहू समाजघोटिया के अध्यक्ष कौशलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष निमेश साहू, कौशल साहू, बी. एल. साहू, सुदामा राम साहू, भोला राम साहू,सीता साहू, वेदांत साहू, पेंड्री के अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार साहू, कालू राम साहू एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित थे।

## मानस गायन का बेलमंड में आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

ग्राम बेलमंड की पवित्र धरा पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण द्वारा रामचरितमानस गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा, निवासी ग्राम सिर्राभाटा, की पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त गांव संकल्पना की सराहना की गई। विगत कई वर्षों से वे बालोद जिले के प्रत्येक गांव को आदर्श एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम विकास समिति बेलमंड को 200 स्टील की थालियाँ एवं 200 स्टील ग्लास प्रदत्त कर पर्यावरण अनुकूल पहल को बढ़ावा दिया। सामग्री का वितरण उनके प्रतिनिधि एवं छोटे भाई खिलावन सिन्हा द्वारा किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि मांगलिक कार्यक्रम, शोक भोज या अन्य सामाजिक आयोजनों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक - जैसे दोना, पत्तल व डिस्पोज़ल - का उपयोग न करें, क्योंकि इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है एवं मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

ग्रामीणों से स्टील उपयोग को प्राथमिकता देने तथा अनावश्यक खर्चों से बचाने की अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अमृतानंद सिन्हा, बलराम सिन्हा, महेंद्र कुमार साहू (ग्रामीण अध्यक्ष), सचिव हरिशंकर, मन्नूलाल साहू, सरपंच चमेली बाई, मिलन कुमार साहू, गोवर्धन साहू, द्वारिका प्रसाद, रोमन मांडवी, दीनबंधु साहू, मुकेश कुमार साहू, धनुष राम ठाकुर, प्रहलाद साहू, घनश्याम, प्रभुराम, तिहारूराम, हरीश दुबे, मनोज कुमार सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## धर्म के तत्व समझने पर ही मिलता है सच्चा सुख: विराग मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



■ विपरीत परिस्थितियों में भी धर्मज्ञान से मिलता है आतंरिक सुख : विराग मुनि

धर्म के तत्व को समझे बिना सुख को प्राप्त नहीं किया जा सकता। हम धर्म की क्रियाओं को ही धर्म समझ बैठे हैं। जो धर्म के मर्म को समझ जाएगा उसे परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हो जाए दुख का एहसास नहीं होगा। संत विराग मुनि जी महाराज सा एवं बाल मुनी हंस –भद्र मुनि का आज बालोद महावीर भवन में प्रवास हुआ। उस दौरान उन्होने उक्त बाते कही।

महावीर भवन में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विरागमुनि ने अपने प्रवचन में धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पदार्थ में सुख नहीं है। हम सुख को वहां खोजते हैं जहां वह है ही नहीं। यदि हम लक्ष्य के विपरीत दिशा में चलेंगे तो लक्ष्य को कैसे प्राप्त कर सकते हैं। संत श्री का अभी कुछ दिन बालोद में प्रवास रहेगा जिसमें वह धर्म के तत्व के बारे में व्याख्या करेंगे आज सुबह ग्राम कमरौद से विहार कर संत द्वय का बालोद आगमन हुआ। उनकी अगवानी में बाबूलाल ढेलडिय़ा रूपचंद गोलछा, डॉक्टर प्रदीप जैन, मुकेश भंसाली विनोद गोलछा, प्रमोद गोलछा, मांगीलाल डेलड़िया, सोहन नाहटा, राहुल गोलछा सहित काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी। महावीर भवन में प्रतिदिन 9 से 10 बजे व्याख्यान दोपहर 2 बजे धर्म चर्चा एवं रात्रि 7 बजे के बाद पुरुषों के लिए क्लास रहेगी, श्री संभावनाथ जैन मंदिर समिति ने संत द्वय के संक्षिप्त प्रवास का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील श्रावक, श्राविकाओं से की है। उक्ताशय की जानकारी रूपचंद गोलछा ने दी।

## ब्लाक सेन समाज के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन, रवि बने अध्यक्ष

**गुण्डरदेही।** जिला सेन समाज के पदाधिकारी संतोष कौशिक, सचिव रामकुमार सेन, लोकेश कौशिक, संतोष श्रीवास व अन्य पदाधिकारियो की उपस्थिति मे मंगलवार को ब्लाक सेन समाज गुण्डरदेही के पदाधिकारियो का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें एक मत होकर सर्व सम्मति से पदाधिकारीगण को मनोनीत किया गया। जिसमें रवि कुमार सेन माहुद को सर्व सम्मति से ब्लाक सेन समाज का अध्यक्ष चुना गया। वही सचिव रुपेंद्र सेन कचांदुर, उपाध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास, कोषाध्यक्ष ढ़ालचंद सेन, संरक्षक जीवधन सेन, सह सचिव कौशल सेन, महामंत्री प्रकाश सेन, संगठन महामंत्री टीकम सेन, कार्यकारणी मे डिलेश्वर सेन, नंदू सेन, रमेश सेन, मोरधवज सेन, सलाहकार जोगीराम सेन, प्रेम लाल सेन व मार्गदर्शक नारायण सेन बलदराम सेन को बनाए गए है।



## धमना में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

धमना में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हुआ। अरुण सोनी, लक्ष्मी सोनी परिवार की यजमानी में आयोजित इस समारोह में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, तहसील साहू संघ कोषाध्यक्ष नारद साहू, युवा समाजसेवी ढाल सिंह साहू आदि रूखमणि विवाह में शामिल हुए। श्रीमद भागवत कथा वाचक के रूप में श्री प्रांशु कृष्ण शास्त्री महाराज वृंदावन से अपनी पूरी मंडली संसंगीत कथा श्रवण भक्तों को करा रहे है। भक्ति में झूमने वाले भक्तों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

■ धर्म और भक्ति का संदेश देते शास्त्री जी, कहा– छत्तीसगढ़ धर्म का भी कटोरा है

### सदा सबका सहयोग करना चाहिए

भागवताचार्य पंडित शास्त्री जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा कलयुग में मुक्ति का सबसे सुलभ साधन है जो व्यक्ति प्रेम भक्ति और सत्य की मार्ग पर चलता है उसे जीवन में कभी कमी नहीं होता उन्होंने कहा कि कंस का वध कर भगवान से किसने धर्म की ध्वजा लहराई यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म निश्चित हमारी रक्षा करेंगा सभी को सत्य की मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और हमेशा एक दूसरे का सहयोग करने के लिए कहा महाराज जी ने छत्तीसगढ़ परंपरा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा छत्तीसगढ़ से धान का कटोरा नहीं धर्म का कटोरा भी है यहां की मिट्टी में भक्ति सेवा और सद्भाव बसी है।

## छत्तीसगढ़ शासन की योजना से बेटियों का ड्रॉप आउट हुआ

# जामगांव आर की 22 छात्राओं को आगे की शिक्षा के लिए मिला प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



■ सभापति कल्पना नारद साहू ने किया वितरण कार्य शुरू

छत्तीसगढ़ शासन की योजना से छात्रओं को काफी लाभ हुआ है। सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से इस वर्ष शासकीय विद्यालय जामगांव आर में 22 छात्रओं को साइकिल वितरण किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। दुर्ग जिले के जामगांव आर में कारीगरों के द्वारा युद्ध स्तर पर साइकिलों के पुर्जे फिट किए जाने का कार्य किया जा रहा है। 22 छात्रओं को साइकिल वितरण करते हुए कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा कि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली बेटियों को साइकिल दी जाती है। जिले में इस बार 22 छात्रओं को साइकिल प्रदान किया जाएगा जिसकी शुरुआत हो चुकी है।

**आगे की शिक्षा के लिए मिला प्रोत्साहन:** कल्पना नारद साहू ने कहा की प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पहले कक्षा आठवीं के बाद बेटियों के ड्रॉप आउट की संख्या काफी थी, लेकिन इस योजना के आने के बाद से उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिला है। दुर्ग शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रें में कक्षा 9वीं में प्रवेश करने वाली बेटियों को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से निरूशुल्क साइकिल दिया जाएगा। जिससे उनके घर से स्कूल तक का सफर आसान होगा और स्कूल की ओर बढ़ते साइकिल के पाहिए उनके भविष्य के प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर मे सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, मंडल महामंत्री पुर्नेंद्र सिंहा, अध्यक्ष एसएमडीसी अंगेश्वर साहू, संसद प्रतिनिधि मनीष जैन, मंडल कोषाध्यक्ष अरूण चंद्राकर, विद्यालय के प्राचार्य सरजूराम ठाकुर, सायकल वितरण प्रभारी प्रभारी किशोर साहू, मोहित कुमार साहू, एनके धीवर, गौरव मिथलेश, चंद्रहास साहू, अभिषेक सेन सहित बड़ी संख्या में पालक एवं बालक की उपस्थित थे।

